# जनसंपर्क मध्यप्रदेश

# मंत्री परिषद निर्णय

## दिनांक 09 दिसंबर 2025

## प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपये की कार्य योजना की स्वीकृति

- मंत्री परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपये की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई।
- कार्ययोजना की वित्तीय लागत में 75% (297.15 करोड़ रुपये) केंद्रांश और 25% (100.385 करोड़ रुपये) राज्यांश होगा।

*******

## सागर-दमोह मार्ग का 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण

- मंत्री परिषद द्वारा **सागर-दमोह** मार्ग (लंबाई 76.680 किमी) का 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण हेतु परियोजना वित्तीय लागत रुपये 2059.85 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई।
- लागत का 40% हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) के अंतर्गत मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा।
- शेष 60% राशि का प्रावधान संचालन अवधि में 15 वर्षों तक 6माही एन्युटी के रूप में राज्य बजट के माध्यम से किया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त भू अर्जन एवं अन्य कार्य हेतु रुपये 323.41 करोड़ का भुगतान भी राज्य बजट से किया जाएगा।
- परियोजना अंतर्गत 13 अंडरपास, 03 वृहद पुल, 09 मध्यम पुल, 01 ROB, 13 वृहद जंक्शन एवं 42 मध्यम जंक्शन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

******

## अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की विभागीय योजनान्तर्गत सोशल इंपैक्ट बांड (SIB) के द्वारा संचालन हेतु परियोजना प्रस्ताव की स्वीकृति

- मंत्री परिषद द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा विभागीय योजनान्तर्गत, अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को, दो वर्षों में रोजगार हेतु, सोशल इंपैक्ट बांड (SIB) वित्तीय उपकरण का प्रयोग कर जापान एवं जर्मनी भेजे जाने के लिए प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई।

******

## प्रदेश में चीतों की पुनर्स्थापना

- मंत्री परिषद द्वारा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही अभयारण्य) सागर को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- प्रदेश में सितंबर 2022 में कुनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में पहला और अप्रैल 2025 में गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर में दूसरा चीता रहवास प्रारंभ किया गया है।
- मध्यप्रदेश में वर्तमान में कुल 31 चीते हैं। कुनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में 28 और गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर 02 चीतों का रहवास है।
- बोत्सवाना से 08 चीते कुनो में जनवरी 2026 में पहुंचना संभावित है।

******

## 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव की स्वीकृति

- मंत्री परिषद द्वारा निम्नलिखित 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई -

| क्र. | जिला | प्रस्तावित स्वास्थ्य संस्था का नाम/स्थान |
|---|---|---|
| 1 | नीमच | उप स्वास्थ्य केन्द्र भादवामाता का 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन। |
| 2 | शाजापुर | 06 बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मक्सी का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 3 | उज्जैन | 20 बिस्तर सिविल अस्पताल जीवाजीगंज का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 4 | खण्डवा | 20 बिस्तर सिविल अस्पताल ओंकारेश्वर का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 5 | पन्ना | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 6 | खरगोन | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महेश्वर का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 7 | बैतूल | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर का100 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 8 | सिंगरौली | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी का 100 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 9 | सिंगरौली | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 10 | रीवा | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना का 50 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 11 | अनूपपुर | 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा का100 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |
| 12 | सागर | 50 बिस्तर सिविल अस्पताल बीना का 100 बिस्तर सिविल अस्पताल में उन्नयन। |

- मंत्री परिषद द्वारा उक्त संस्थाओं में 345 नियमित और 03 संविदा पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ, 136 व्यक्तियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियोजित करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।
- वार्षिक व्यय 27.17 करोड़ रुपये।

******

## नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दमोह, छतरपुर एवं बुधनी के संचालन के लिए पद सृजन की स्वीकृति

- मंत्री परिषद द्वारा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दमोह, छतरपुर एवं बुधनी, प्रत्येक के संचालन के लिए 330 नियमित पद सृजन और 205 व्यक्तियों को आउटसोर्स पर नियोजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- इस प्रकार कुल 990 नियमित पद सृजन और 615 व्यक्तियों को आउटसोर्स पर नियोजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

******

## झापननाला मध्यम सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति

- मंत्री परिषद द्वारा दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील की **झापननाला मध्यम सिंचाई परियोजना** हेतु 165.06 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- परियोजना के तहत तेंदूखेड़ा तहसील के 17 ग्रामों का कुल 3600 हेक्टेयर सैंच्य क्षेत्र होगा।

******

## बुंदेलखंड क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रंट जिला सागर हेतु विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करने की स्वीकृति

- मंत्री परिषद द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रंट जिला सागर हेतु निम्नानुसार विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज की स्वीकृति प्रदान की गई -

  i. भूमि प्रब्याजी - एक रुपये प्रति वर्गमीटर टोकन मूल्य

  ii. भू-भाटक - वार्षिक दर रुपये एक रुपये प्रति वर्गमीटर

  iii. विकास शुल्क - बीस सामान वार्षिक किश्त में

  iv. संधारण शुल्क - रुए आठ प्रति वर्गमीटर वार्षिक

  v. स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क - 100% प्रतिपूर्ति

  vi. विद्युत शुल्क - वाणिजयिक उत्पादन दिनांक से पाँच वर्ष हेतु छूट

- वित्तीय सहायता पैकेज अंतर्गत वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाई हेतु उद्योग संवर्धन नीति 2025 तथा निवेश प्रोत्साहन योजना 2025 में निहित शर्ते एवं प्रावधान लागू होंगे।

- एमएसएमई इकाई हेतु एमएसएमई विकास नीति 2025 एवं एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 में निहित शर्ते एवं प्रावधान लागू होंगे।

- सीमेंट निर्माण इकाइयों को इस वित्तीय सहायता पैकेज की पात्रता नहीं होगी।

- पैकेज की प्रभावशील अवधि पाँच वर्ष होगी।

******